ई-मेल

संख्या-1323/2025/8-3099/208/2025

प्रेषक,

**पी0 गुरूप्रसाद,**
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. **आवास आयुक्त,**
उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद,
लखनऊ।

2. **उपाध्यक्ष,**
समस्त विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

**आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-3** **लखनऊः दिनांकः ०५ जुलाई, 2025**

विषयः- **उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियाँ तथा आदर्श जोनिंग रेगुलेशन्स-2025 लागू किये जाने संबंधी।**

महोदय,

कृपया आप अवगत हैं कि शासनादेश संख्या-5416/आठ-3-181 विविध/2008 दिनांक 14.11.2008 द्वारा उ0प्र0 नगर योजना और विकास अधिनियम, 1973 की धारा-57 के अन्तर्गत भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2008 निर्गत की गयी। उक्त उपविधि में विभिन्न शासनादेशों द्वारा समय-समय पर संशोधन किये गये हैं।

**2-** शासन द्वारा उक्त उपविधि का वर्तमान परिप्रेक्ष्य में परीक्षण कर सम्यक विचारोपरान्त भवन निर्माण एवं विकास उपविधि, 2008 (समय-समय पर यथा संशोधित) को अवक्रमित करते हुए उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास अधिनियम, 1973 की धारा-57 के अन्तर्गत "उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियाँ 2025 एवं धारा-13(2) के अन्तर्गत आदर्श जोनिंग रेगुलेशन्स-2025" के हिन्दी **(संलग्नक-1)** व अंग्रेजी संस्करण **(संलग्नक-2)** पर अनुमोदन प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

**3-** अतएव श्री राज्यपाल उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद अधिनियम, 1965 की धारा-92 की उपधारा-(2) में प्रदत्त शक्तियों के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद तथा उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास अधिनियम, 1973 की धारा-41 की उपधारा-(1) में प्रदत्त शक्तियों के अन्तर्गत समस्त विकास प्राधिकरणों को "उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियाँ तथा आदर्श जोनिंग रेगुलेशन्स-2025" का अनुपालन सुनिश्चित किये जाने के निर्देश देते हैं।

**4-** भवन निर्माण एवं विकास उपविधि-2008 (यथा संशोधित), आदर्श जोनिंग रेगुलेशन्स तथा शमन उपविधि, 2009 से संबंधित निम्नलिखित शासनादेश अवक्रमित किये जाते हैं :-

| क्र.सं. | शासनादेश संख्या व दिनांक | विषय वस्तु |
|---|---|---|
| 1 | 379/9-आ-3-72 वि/94<br>दिनांक 25 जनवरी, 2002 | संशोधित आदर्श जोनिंग रेगुलेशन्स को अंगीकृत किए जाने विषयक |
| 2 | 5416/8-3-8-181/विविध/2008<br>दिनांक 14 नवम्बर 2008<br>2038/8-3-09-181/विविध/2008<br>दिनांक 12 मई 2009 | भवन निर्माण एवं विकास उपविधि 2008 |
| 3 | 4824/8-3-09-09/विविध/09<br>दिनांक 14 जनवरी 2010 | शमन (कंपाउंडिंग) उपविधि 2009 |
| 4 | 5899/8-3-09-214/विविध/09<br>दिनांक 14 जनवरी 2010 | आर्थिक दृष्टि से दुर्बल एवं अल्प आय वर्ग (ई.डब्ल्यू.एस./एल.आई.जी.) पर शासनादेश 2010 |
| 5 | 4384/8-3-11-181/विविध/2008,<br>दिनांक 27 सितम्बर, 2011 | भवन उपविधि 2008 में संशोधन |
| 6 | 1835/8-3-15-13 विविध /15,<br>दिनांक 12 अक्टूबर 2015 | ग्रीन बिल्डिंग के प्रोत्साहन हेतु 5% अतिरिक्त एफ.ए.आर. |
| 7 | 462/8-3-16-34/विविध/2008, | भवन उपविधि 2008 (यथासंशोधित 2011) में संशोधन |

Scanned with CamScanner

| | | |
|---|---|---|
| | दिनांक 17 जून 2016 | |
| 8 | 1311/8-3-16-297/विविध/2016, दिनांक 27 दिसम्बर 2016 | भवन उपविधि 2008 में संशोधन |
| 9 | 1241/8-3-17-34/विविध/2008, दिनांक 31 अक्टूबर 2017 | भवन उपविधि 2008 (यथासंशोधित 2011 एवं 2016) में संशोधन |
| 10 | 813/8-3-18-34/विविध/2008, दिनांक 8 जून 2018 | भवन उपविधि 2008 (यथासंशोधित 2011 एवं 2016) में संशोधन |
| 11 | 1646/8-3-19-34/विविध/2018, दिनांक 5 अक्टूबर 2018 | भवन उपविधि 2008 में संशोधन |
| 12 | 55/8-3-19-160/विविध/2018, दिनांक 28 जनवरी 2019 | भवन उपविधि 2008 (यथासंशोधित 2011 एवं 2016) में संशोधन |
| 13 | 63/2021/1093/8-1-1-34/बैठक/2014, दिनांक 23 सितंबर 2021 | अफोर्डेबल हाउसिंग विषयक |
| 14 | 2492/2023/8-3099/1710/2020, दिनांक 30 नवंबर 2023 | भवन उपविधि 2008 में संशोधन |
| 15 | आई/681559/2024/8-3099/279/2024, दिनांक 24 जुलाई 2024 | भवन उपविधि 2008 में (यथासंशोधित 2011 एवं 2016) में संशोधन |
| 16 | 8-3099/5/2024 दिनांक 05/07/2024 | भवन उपविधि के अध्याय 5 (होटलों के निर्माण की अपेक्षा) में संशोधन |
| 17 | आई/768724/2024/8-3099/279/2024, दिनांक 14 अक्टूबर 2024 | भवन उपविधि 2008 में पेट्रोल पम्प के मानक (बफर स्ट्रिप) संबंधी |
| 18 | आई/878228/2025/8-1099/72/2024, दिनांक 13 फरवरी, 2025 | भवन उपविधि 2008 के प्रस्तर 3.5.1, 3.4.4 एवं प्रस्तर 1.2 में संशोधन विषयक |
| 19 | आई/905294/2025/8-3099/303/2023, दिनक 12 मार्च, 2025 | बेसमेंट के अंतर्गत शौचालय की अनुमन्यता विषयक |
| 20 | आई/936131/2025/8-3099/303/2023, दिनक 16 अप्रैल, 2025 | बेसमेंट के अंतर्गत शौचालय की अनुमन्यता विषयक शुद्धिपत्र |

5- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उक्त निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

**संलग्नक: यथोक्त।**

भवदीय,

**(पी0 गुरूप्रसाद)**
प्रमुख सचिव

**संख्या-1323(1)/2025/8-3099/208/2025-तद्दिनांक।**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेपित :-**

**1.** समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
**2.** मण्डलायुक्त, समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।
**3.** अध्यक्ष, समस्त विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश।
**4.** जिलाधिकारी/नियंत्रक प्राधिकारी, समस्त विनियमित क्षेत्र, उत्तर प्रदेश।
**5.** मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
**6.** निदेशक, आवास बन्धु, उ0प्र0 लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि कपया शासनादेश की प्रति आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की वेब साइट पर तत्काल अपलोड कराने का कष्ट करें।
**7.** गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

**(राजेश कुमार राय)**
विशेष सचिव

Scanned with CamScanner